‘समग्र शिक्षा-जल सुरक्षा’ अभियान

drishtiias.com/hindi/printpdf/samagra-shiksha-jal-suraksha

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ‘समग्र शिक्षा-जल सुरक्षा’ (Samagra Shiksha-Jal Suraksha) नामक अभियान की शुरुआत की गई।

प्रमुख बिंदु

- यह अभियान मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resource Development) के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (Department of School Education & Literacy) द्वारा शुरू किया गया है।
- इस अभियान की शुरुआत स्कूल विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये की गई है।

Water Protection

लक्ष्य

एक विद्यार्थी	एक दिन	एक लीटर पानी की बचत
एक विद्यार्थी	एक साल	365 लीटर पानी की बचत
एक विद्यार्थी	10 साल	3650 लीटर पानी की बचत

अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं:

1. विद्यार्थियों को जल संरक्षण के बारे में शिक्षित करना।
2. विद्यार्थियों को पानी की कमी के बारे में जागरूक करना।
3. प्राकृतिक जल संसाधनों की रक्षा करने के लिये विद्यार्थियों को सशक्त बनाना।
4. प्रत्येक विद्यार्थी को प्रति दिन एक लीटर पानी बचाने में सहायता करना।
5. विद्यार्थियों को अपने घर और विद्यालय में पानी की न्यूनतम बर्बादी और उचित मात्रा में प्रयोग करने के लिये प्रोत्साहित करना।

स्रोत: पी.आई.बी.